Total No. of Printed Pages—8

**HS/XII/A/h/25**

**2025**

# ELECTIVE HINDI

*Full Marks* : 100

*Time* : 3 hours

*The figures in the margin indicate full marks for the questions*

*General Instructions* :

(i) Write all the answers in the Answer Script.

(ii) Attempt Part—A (Objective Questions) serially.

(iii) Attempt all parts of a question together at one place.

( PART : A—OBJECTIVE )

( *Marks* : 50 )

**1.** पाठ्य-पुस्तक के आधार पर जो कथन सत्य है, उसके सामने 'सही' और जो गलत है, उसके सामने 'गलत' लिखिए (कोई **दस**) : 1×10=10

(क) बेर का फूल सूँघकर बर्रे ततैया का डंक झड़ जाता है।

(ख) कवि वेदना को छिपाने के लिए गीत नहीं गाना चाहता है।

(ग) विष्णु खरे को इंग्लैंड के राष्ट्रीय सम्मान 'नाइट ऑफ दि ऑर्डर ऑफ दि व्हाइट रोज़' से सम्मानित किया गया था।

(घ) लोभी को चाँदी की पिटारी अँगूठा दिखाती है।

(ङ) 'सूरदास की झोंपड़ी' मुंशी प्रेमचंद के उपन्यास 'कर्मभूमि' का एक अंश है।

(च) रूपसिंह पूरे बारह साल बाद अपने गाँव सरगी लौट रहा था।

(छ) आचार्य रामचंद्र शुक्ल का बचपन साहित्यिक परिवेश से भरा-पूरा था।

(ज) तुलसीदास लोकमंगल की साधना के कवि हैं।

(झ) 'पद्मावत' में सिंहल देश की राजकुमारी नागमती और चित्तौड़ के राजा रत्नसेन के प्रेम की कथा है।

(ञ) लेखक की पर्यावरण-संबंधी चिंता सिर्फ मालवा तक सीमित न होकर सार्वभौमिक हो गई है।

(ट) अज्ञेय प्रकृति-प्रेम और मानव-मन के अंतर्द्वंद्वों के कवि हैं।

(ठ) जीवन के अंतिम मोड़ पर स्कंदगुप्त देवसेना को पाना चाहता है।

**2.** निम्नलिखित शब्दों में से उपयुक्त शब्द चुनकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए (कोई **दस**) : 1×10=10

(अपमान ; कोयल ; घोंटने ; डायनासॉर ; ओंकारेश्वर ; मुगलाने ; अहंकार ; ज़हर ; संतान ; शंख ; रोशनी ; शाम)

(क) सारी रात संभव की आँखों में ______ मंडराती रही।

(ख) ______ और नेमावर जाते हुए दोनों बार बिंध्य के घाट उतरने पड़े।

(ग) भिखारियों के लिए धन-संचय पाप-संचय से कम ______ की बात नहीं है।

(घ) ''खंभा टेकि खड़ी जैसे नारी ______ की।''

(ङ) नायिका विरह में ______ के समान हो गई है।

(च) वसंत ऋतु के आते ही पता चलता है कि कौन कौवा है और कौन ______।

(छ) उन सबने बालक की प्रवृत्तियों का गला ______ में कुछ उठा नहीं रखा था।

(ज) उसने अपने सामने किसी विशाल ______ की तरह पसरे पहाड़ को देखा।

(झ) ______ का मद हमें अपनों से अलग कर देता है।

(ञ) भर गया है ______ से संसार जैसे हार खाकर।

(ट) यदि वेदि का ढेला उठा ले तो ______ 'वैदिक पंडित' होगा।

(ठ) उन दिनों सड़क पर कोई ______ नहीं हुआ करती थी।

**3.** सबसे सही विकल्प चुनकर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए (कोई **दस**) : 1×10=10

(क) जगधर किस रचना का पात्र है?

*(i)* नमक

*(ii)* बिस्कोहर की माटी

*(iii)* सूरदास की झोंपड़ी

*(iv)* आरोहण

(ख) ''ह्याँ माँ है, बाबा हैं, शैला है—सोये पड़े हैं सब'' —यह उक्ति किस पाठ की है?

*(i)* बिस्कोहर की माटी

*(ii)* आरोहण

*(iii)* सूरदास की झोंपड़ी

*(iv)* नमक

(ग) ''मनोकामना की गाँठ भी अद्भुत, अनूठी है, इधर बाँधो उधर लग जाती है।'' यह कथन किस पाठ से उद्धृत है?

*(i)* प्रेमघन की छाया-स्मृति

*(ii)* दूसरा देवदास

*(iii)* कच्चा चिट्ठा

*(iv)* सुमिरिनी के मनके

(घ) ''अच्छा! इसे भी घेर लिया।'' यह कथन किसका है?

*(i)* महादेव देसाई

*(ii)* पृथ्वीसिंह आज़ाद

*(iii)* महात्मा गाँधी

*(iv)* राजेन्द्र बाबू

(ङ) इनमें से कौन-सी कहानी चंद्रधर शर्मा 'गुलेरी' जी की नहीं है?

*(i)* सुखमय जीवन

*(ii)* बुद्धू का काँटा

*(iii)* गलता लोहा

*(iv)* उसने कहा था

(च) सम्राट अशोक का उल्लेख किस पाठ में हुआ है?

*(i)* कच्चा चिट्ठा

*(ii)* दूसरा देवदास

*(iii)* प्रेमघन की छाया-स्मृति

*(iv)* गाँधी, नेहरू और यास्सेर अराफ़ात

(छ) मलिक मुहम्मद 'जायसी' भक्तिकाल की किस शाखा के सर्वश्रेष्ठ कवि माने जाते हैं?

*(i)* कृष्णभक्ति शाखा

*(ii)* रामभक्ति शाखा

*(iii)* ज्ञानाश्रयी शाखा

*(iv)* प्रेमाश्रयी शाखा

(ज) उपाध्याय बदरी नारायण चौधरी कहाँ रहते थे?

*(i)* कानपुर

*(ii)* मिर्ज़ापुर

*(iii)* नागपुर

*(iv)* उपर्युक्त में से कोई नहीं

(झ) 'देवसेना का गीत' नामक कविता जयशंकर प्रसाद की किस साहित्य-विधा से ली गई है?

*(i)* नाटक

*(ii)* निबंध

*(iii)* उपन्यास

*(iv)* कहानी

(ञ) ''हाथ जो पाथेय थे, ठग-ठाकुरों ने रात लूटे।'' यह किस कविता की पंक्ति है?

*(i)* सत्य

*(ii)* बारहमासा

*(iii)* गीत गाने दो मुझे

*(iv)* दूसरा देवदास

(ट) निम्नलिखित में से किस वर्ष को 'छप्पन का काल' कहा जाता है?

*(i)* 1896

*(ii)* 1897

*(iii)* 1899

*(iv)* 1898

(ठ) ब्रज और अवधी भाषाओं पर किस कवि का असाधारण अधिकार था?

*(i)* जायसी

*(ii)* सूरदास

*(iii)* तुलसीदास

*(iv)* नंददास

**4.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर *एक-एक* वाक्य में दीजिए (कोई **दस**) : 1×10=10

(क) भरत के चरित्र की एक विशेषता लिखिए।

(ख) लेखक ने सेवाग्राम में किन-किन लोगों के आने का जिक्र किया है?

(ग) लेखक ने अपने संग्रहालय के निर्माण में किन-किन के प्रति अपना आभार प्रकट किया है?

(घ) पुजारी ने लड़की के 'हम' को युगल अर्थ में लेकर क्या आशीर्वाद दिया था?

(ङ) 'यह दीप अकेला' पाठ के आधार पर बताइए कि व्यक्ति की महत्ता एवं सार्थकता किसमें है।

(च) 'दुर्लभ बंधु' किसकी रचना है?

(छ) पानी के रखरखाव के लिए मालवा के राजाओं ने क्या प्रबंध किया था?

(ज) पुरइन किसे कहते हैं?

(झ) 'उर्दू बेगम' नामक पुस्तक के रचयिता कौन थे?

(ञ) मलिक मुहम्मद जायसी का परिचय दीजिए।

(ट) रातभर सुभागी कहाँ छिपी बैठी थी?

(ठ) बोधिसत्व की आठ फुट लंबी मूर्ति की खासियत क्या थी?

**5.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर *दो-दो* वाक्यों में दीजिए (कोई **पाँच**) : $2\times5=10$

(क) अनुप्रास अलंकार को परिभाषित कीजिए।

(ख) उपमा अलंकार का एक उदाहरण दीजिए।

(ग) रस किसे कहते हैं?

(घ) लक्षणा शब्द-शक्ति की परिभाषा लिखिए।

(ङ) संचारी भाव का अर्थ स्पष्ट कीजिए।

(च) वात्सल्य रस का उदाहरण दीजिए।

(छ) निम्नलिखित रसों के स्थायी भाव लिखिए :

*(i)* करुण रस

*(ii)* वीभत्स रस

( PART : B—DESCRIPTIVE )

( *Marks* : 50 )

**6.** निम्नलिखित अवतरणों की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए : 7×2=14

(क) चकई निसि बिछुरैं दिन मिला। हौं निसि बासर बिरह कोकिला॥
रैनि अकेलि साथ नहिं सखी। कैसे जिऔं बिछोही पँखी॥
बिरह सैचान भँवै तन चाँड़ा। जीयत खाई मुएँ नाहिं छाँड़ा॥

**अथवा**

चढ़कर मेरे जीवन-रथ पर,
प्रलय चल रहा अपने पथ पर।
मैंने निज दुर्बल पद-बल पर
उससे हारी-होड़ लगाई।

(ख) गिरजे के बाहर गरीब बाज़ीगर हताश-सा खड़ा है क्योंकि वह इस पर्व में भाग नहीं ले सकता। न तो उसके पास माता मरियम के चरणों में रखने के लिए कोई तोहफ़ा है और न ही उस फटेहाल को कोई गिरजे के अंदर जाने देगा।

**अथवा**

न यहाँ जाति का महत्त्व था, न भाषा का, महत्त्व उद्देश्य का था और वह सबका समान था, जीवन के प्रति कल्याण की कामना। इस भीड़ में दौड़ नहीं थी, अतिक्रमण नहीं था और भी अनोखी बात यह थी कि कोई भी स्नानार्थी किसी सैलानी आनंद में डुबकी नहीं लगा रहा था बल्कि स्नान से ज्यादा समय ध्यान में ले रहा था।

**7.** 'गीत गाने दो मुझे' नामक कविता में निहित भावों को स्पष्ट कीजिए। 9

**अथवा**

'सत्य' कविता का प्रतिपाद्य लिखिए।

**अथवा**

पठित पदों के आधार पर राम-वनगमन के पश्चात् भरत की मनोदशा का वर्णन कीजिए।

**8.** 'कच्चा चिट्ठा' नामक पाठ का सारांश अपने शब्दों में लिखिए। 9

**अथवा**

'प्रेमघन की छाया-स्मृति' पाठ के आधार पर चौधरी प्रेमघन का चरित्र-चित्रण कीजिए।

**अथवा**

कहानी-कला के तत्त्वों के आधार पर 'दूसरा देवदास' कहानी की समीक्षा कीजिए।

**9.** 'तो हम सौ लाख बार बनाएँगे' इस कथन के आधार पर सूरदास के चरित्र का विवेचन कीजिए। 8

**अथवा**

'अपना मालवा खाऊ-उजाड़ू सभ्यता में' पाठ के माध्यम से लेखक क्या संदेश देना चाहता है?

**अथवा**

'आरोहण' पाठ के आधार पर पर्वतारोहण की प्रासंगिकता पर प्रकाश डालिए।

**10.** निम्नलिखित विषयों में से किसी **एक** विषय पर लगभग *200* शब्दों में निबंध लिखिए : 10

(क) राष्ट्रभाषा हिन्दी

(ख) नशाखोरी—एक अभिशाप

(ग) विद्यार्थी और फैशन

(घ) मेघालय के प्रमुख पर्व

(ङ) कंप्यूटर : आज की आवश्यकता

★★★